Title: Need to declare some State Highways of Chhattisgarh as National Highways.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : महोदय, मैं छत्तीसगढ़ राज्य के राजमार्ग को राट्रीय राजमार्ग घोाित किए जाने के संबंध में कहना चाहता हूं। वहां आवागमन की सुविधाएं अवरुद्ध हो चुकी हैं। रोड में गड्ढे पड़ चुके हैं। नया छत्तीसगढ़ राज्य बनने से आवागमन की सुविधा बढ़ गई है। उस रोड के खराब होने के कारण आम नागरिक समय पर अपने गंतव्य स्थान पर नहीं पहुंच पाते, जिससे उनके कार्य में बाधा हो रही है। वे समय पर अपना कार्य नहीं कर पा रहे हैं। राज्य सरकार रोड बनाने में अपने आपको अक्षम पा रही है। बिलासपुर जिले से रायपुर राजधानी तक आने-जाने के लिए राज मार्ग को राट्रीय राजमार्ग घोाित किया जाना आवश्यक हो गया है।

अत: निम्नलिखित मार्गों को राट्रीय मार्ग घोाित कर स्वीकृति दी जाए। बिलासपुर मुंगेली पंडरिया मार्ग, मुंगेली से लोरमी पंडरिया, बिलासपुर कोटा केवची, पेंड्रा मरवाही (अमरकंटक) मार्ग. मुंगेली से रायपुर राजधानी तक मार्ग को राट्रीय मार्ग घोाित कर स्वीकृति प्रदान की जाए।